तेजयुग न्यूज़ हापुड़
www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

देव मैमोरियल स्कूल, गढ़मुक्तेश्वर में वार्षिक अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन किया आयोजित

स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल मेडिटेशन को उपलब्धि के साथ व्यवस्थित कर छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु चर्चा की गयी

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

हापुड़ : देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल, गढ़मुक्तेश्वर में शैक्षिक सत्र 2024, 2025 का वार्षिक अभिभावक-अध्यापक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल मेडिटेशन को उपलब्धि के साथ व्यवस्थित कर छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य हेतु चर्चा की गयी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य को प्रमुखता देते हुए विद्यालय के मुख्य चिकित्सक डॉ दीपक शर्मा के निर्देशन में छात्र-अभिभावक जनों के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ जगत सिंह (वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक), डॉ.अंकुर शर्मा (दंत रोग विशेषज्ञ) बन्टी

(सहायक जनरल मैडिसिन) पंकज (सहायक होम्यो- पैथिक) ने विद्यालय में आए अभिभावक-छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री राजेंद्र चौधरी जी ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य प्रत्येक छात्र की उपलब्धि एवं अधिगम को अभिभावक- अध्यापक के सहयोग से उत्तम को सर्वोत्तम में बदलने का एक प्रयास है; जिससे वह अपने सपनों में रंग भरकर देश का आदर्श नागरिक बन सके। आदर्श छात्र ही आचरण एवं मूल्यों को धारण कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करता है। प्रधानाचार्य श्रीमती मंजु चौधरी ने कहा कि बच्चों के हौसलों को उड़ान देने के उद्देश्य प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन किये जाते हैं जिससे छात्र-छात्राओं में विश्वास,मूल्य एवं साहस की भावना निरंतर बढ़ती रहे। उन्होंने सभी छात्रों को वार्षिक परीक्षा में सफल होने पर उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। ध्यातव्य है कि शैक्षिक सत्र 2024,25 का विधिवत शैक्षणिक प्रारम्भ 03 अप्रैल से होगा। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, कोच नवीन चौधरी, अशोक चौधरी, ब्रज सिंह, ओमवीर सिंह, रोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षको के मोबाइल नंबर हुए जारी

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, वोटरों को प्रलोभन आदि के संबंध में शिकायत हेतु प्रेक्षको से संपर्क करे।

मथुरा। वरिष्ठ कोषाधिकारी / प्रभारी अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण) मुन्ना लाल शुक्ल ने अवगत कराया है कि 17 - मथुरा लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु अधिसूचना 28 मार्च24 को जारी की जा चुकी है। प्रेक्षक व्यय शिबि सिंह गहरवार एवं प्रेक्षक व्यय रमेश बीआरजी का भी जनपद मथुरा में आगमन हो चुका है। शिबि सिंह गहरवार का मोबाइल नंबर 89238-86113 है। सभी को सूचित किया जाता है कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, वोटरों को प्रलोभन दिए जाने संबंधी शिकायतों आदि के बारे में इस मोबाइल नंबर पर प्रेक्षक को अवगत करा सकते है।

पूर्व सैनिकों की एक मीटिंग गढ़मुक्तेशवर में गुरुद्वारा प्रांगण में हुई

तेजयुग न्यूज/अनुज चौधरी

हापुड़ : अध्यक्षता सूबेदार मेजर ओम बीर सिंह व संचालन कैप्टन राजेश चौधरी - जिलाध्यक्ष भारतीय पूर्व सैनिक संघ ने किया। मीटिंग का मुख्य विषय आगामी लोकसभा निर्वाचन में पूर्व सैनिकों की भूमिका पर हुई। मुख्य वक्ता वारंट आफिसर मनबीर सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें ताकि राष्ट्र निर्माण में हमारी भागीदारी हो। गाजियाबाद से जनरल वी के सिंह का टिकट नहीं होने पर पूर्व सैनिकों की भावनाऐं आहत हुई है, परंतु किसी भी पार्टी द्वारा लिए गए निणिय का हमें सम्मान करना चाहिए।

राजनैतिक दलों द्वारा पूर्व सैनिकों की उपेक्षा हमारी एकता का अभाव है हमें संगठित होकर अपनी ताकत दिखानी चाहिए। कैप्टन राजेश चौधरी ने कहा कि पूर्व सैनिकों को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। जे डबल्यू ओ जयपाल सिंह, सूबेदार जगहदीश चौहान व मनोज प्रधान द्वारा भी अपने विचार रखकर इसका समर्थन किया। हवलदार आदिल ने कहा कि हमें इसके लिए पूर्व सैनिकों को बढ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

हापुड़ पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

हापुड़/अनुज चौधरी : हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से अवैध असलहा बरामद।

कहीं जगहों पर पुलिस अधीक्षक ने जुमा की नमाज को सकुशल तरीके से कराया सम्पन्न

हापुड़/अनुज चौधरी : श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में 'जुमा की नमाज' को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी व थानाप्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील एवं मस्जिदों पर उपस्थित रहकर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराते हुए जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

वहीं जुमा की नमाज को सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने एवं जनपद में सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मय पुलिस बल थाना हापुड़ नगर क्षेत्रान्तर्गत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत, कई छात्रों ने किया टॉप

हापुड़/अनुज चौधरी : डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी, एलजी, यूकेजी, कक्षा एक, दो, तीन, चार, पांच ,छह, सात, आठ , नो, 11, के परिणाम घोषित हुए जिसमें ऊपर दिए गए फोटो में स्कूल टॉप किया है, वही स्कूल प्रबंधक श्री राजेंद्र सिंह मंजू चौधरी उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर सिंह यादव स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह कोऑर्डिनेटर कविता चौधरी कोऑर्डिनेटर राहुल सिंह ने बताया कि हमारे होनहार छात्र-छात्राएं ने भी इस वर्ष स्कूल का नाम रोशन किया है जिसकी वजह से हमारा जनपद स्कूल क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर कई वर्षों से नंबर वन की पोजीशन बनाए हुए हैं अलीशा class1st ने 99 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है, वहीं द्वितीय स्थान पर सिद्धि क्लास 8th 98.78 प्रतिशत, क्लॉस 5th कुलवेंद्र तीसरे स्थान पर 98.40 प्रतिशत, अंक प्राप्त किए।

हापुड़ पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

हापुड़/अनुज चौधरी : पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध असलहा रखने के मामले में एक अभियुक्त को प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा, साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया। वर्ष 2007 में अभियुक्त मंसूर पुत्र मारूफ द्वारा अवैध असलहा रखने के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट थाना सिम्भावली पर पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए हापुड़ पुलिस द्वारा आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 29.03.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि(15 दिवस) व 3,500/- रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया है।

मारपीट के मामले में एक अभियुक्ता सहित 02 अभियुक्तों को मिली सजा

हापुड़/अनुज चौधरी : पुलिस अधीक्षक हापुड़ के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में एक अभियुक्ता सहित 02 अभियुक्तों को प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा, साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया। वर्ष 1996 में अभियुक्तगण 1. हुकुम सिंह पुत्र फूल सिंह व 2. लोकेश पत्नी हुकुम सिंह द्वारा मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना हापुड़ नगर पर पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए हापुड़ पुलिस द्वारा आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 29.03.2024 को माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को एक-एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि की सजा व 4,000-4,000/- रूपये (कुल 8,000/- रूपये) के अर्थदंड से दण्डित किया गया है।

कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय की द्वितीय कार्यकारी परिषद की बैठक 28 मार्च 2024 को हुई सम्पन्न

9 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति, नामित सदस्यों को भेंट देकर सम्मानित किया गया

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। के.एम. की कार्यकारी परिषद की दूसरी बैठक (कृष्ण मोहन) विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने नामित सदस्यों से मुलाकात की। बैठक में कुलपति डा. डीडी गुप्ता एवं कुलसचिव पूरन सिंह के अलावा नामित सदस्यों ने भाग लिया। अध्यादेश के प्रारूप सहित 9 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में कुलसचिव ने विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य व स्थापना के उपरांत अब तक किए गए कार्यप्रगति के संदर्भ में जानकारी दी। इसके बाद 30 सितम्बर2023 को सम्पन्न हुई कार्यकारी परिषद की बैठक का कार्यान्वयन प्रस्तुत किया।

बैठक में विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ नए एमओयू को मंजूरी दी गई। साथ ही, विशेषज्ञों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वेबसाइट और प्रिंटिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी मिली। साथ ही, एकेडमिक काउंसिल और वित्त समिति के बैठक में लिये गए निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

के.एम. विश्वविद्यालय के गजट को प्रावधानों के अंतर्गत कुलाधिपति का प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शुल्क संरचना को मंजूरी दे दी है, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शुल्क संरचना का अनुमोदन, डीन एकेडमिक, चीफ प्रॉक्टर, संकाय डीन एवं विभागाध्यक्ष की नियुक्ति, अनुशासन, परीक्षा, प्रवेश आदि समितियों के सदस्यों को नामांकित करने को मंजूरी दे दी गई है। बैठक में कुलपति डा. डीडी गुप्ता, प्रो. उपकुलपति डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल कालेज के प्राचार्य पीएन भिसे, कुलसचिव एवं मेम्बर सैक्रेटरी पूरन सिंह, प्रोफेसर पूजा पारिक, फाईनेंस ऑफिसर मुकुल शर्मा के अलावा नामित मैम्बर राजेश, रमेश कुमार गिल, कमल सिंह, डा. एमएस छौंकर, डा. कमल कौशिक, डा. डीडी वर्मा सहित परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा मौजूद रहे।

गुड फ्राई-डे पर उमड़ा बांके बिहारी मंदिर भक्तों का सैलाब, चार लाख से अधिक पहुंचे श्रद्धालु

श्रद्धालुओं की पांच सौ मीटर लम्बी लगी कतारें

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। वृंदावन में शुक्रवार सुबह से ही बांकेबिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की पांच सौ मीटर लंबी कतार लग गई। बांकेबिहारी मार्ग पर जबर्दस्त भीड़ के दबाव के बीच मिनटों का रास्ता घटों में तय किया। धक्के खाते हुए श्रद्धालुओं ने जन-जन के आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए।

गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के साथ ही अगले दिन शनिवार और रविवार का भी अवकाश होने पर बांकेबिहारी मदिर में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। पट खुलने से करीब डेढ़ घंटे पहले से ही मंदिर की गलियां, बांकेबिहारी बाजार श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। बांकेबिहारी बाजार से लेकर मंदिर के द्वार तक पांव रखने की जगह नहीं रही। अपने निर्धारित समय से 15 मिनट पहले साढ़े सात बजे जैसे ही बांकेबिहारी के मंदिर के पट खुले, वैसे ही श्रद्धालुओं का रेला ने मंदिर में प्रवेश किया। उसके बाद दोपहर में पट बंद होने तक मंदिर के द्वार से लगभग पांच सौ मीटर से अधिक दूरी तक प्रवेश गली और बांकेबिहारी बाजार खचाखच श्रद्धालुओं से भर गया। लोग धक्का मुक्की और भीड़ के दबाव के बीच लगभग दो घंटे में मंदिर पहुंचे। इस बीच गर्मी में भीड़ के दबाव में श्रद्धालुओं के साथ आए छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। मंदिर मार्ग पर लगे पंखे भी भीड़ के कारण बेअसर रहे। लोगों ने आपाधापी और मुश्किलों के बीच आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए। मंदिर अपने निर्धारित समय दोपहर में आरती के बाद 12.30 बजे बंद हो गए। जिससे दर्शन की आस में घंटों से लाइन में भीड़ के दाबाव झेल रहे हजारों लोग दर्शन नहीं कर पाए और मायूस होकर शाम के पट खुलने का इंतजार लगे। गुड़गांव की श्रद्धालु सुरेखा तिवारी, नारायणी का कहना है कि छुट्टी वाले दिन श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर के दर्शनों का समय भी बढ़ा देना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालओं को दर्शन हो सकें और भीड़ छटती रहे।

पुरानी दिल्ली निवासी विकास रस्तोगी ने कहा कि श्रद्धालुओ की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिरों की गलियों और द्वारों को बड़ा किया जाना चाहिए। दर्शनों का समय भी अधिक होना चाहिए। घुटन करने वाला भीड़ का दबाव हो सकता है। बांकेबिहारी मंदिर के उप प्रबंधक उमेश सरस्वत ने बताया कि शुक्रवार को चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बांकेबिहारी के दर्शन किए।

भाजपा कामकाजी बैठक हुई संपन्न

जिले के पदाधिकारी को दी गई जिम्मेदारी

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा।भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारीयों की कार्ययोजना बैठक कृष्णापुरी स्थित माधव मुस्कान होटल में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने की। बैठक के मुख्य अतिथि एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया एवं लोकसभा संयोजक देवेंद्र शर्मा ने सभी पदाधिकारीयों से कहा नेतृत्व की और से बांटे गए कार्यों को पूरा करने के लिए साथ-साथ अपने संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर के कैडर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा वही लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया ने पदाधिकारीयों से कहा आप कहां खड़े हैं और खुद को बेहतर करने की कोशिश करें। वहीं अन्य दलों की प्रवेश को शामिल करने के लिए भी कहा गया। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी गोयल ने बताया सभी पदाधिकारी बूथ पर संपर्क कर एक रात गांव में बिताकर वहां के मतदाताओं से संपर्क करें है

वहीं सभी का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने पदाधिकारी यों से सभी पदाधिकारी मंडल स्तर पर सभी मोर्चा बैठकों की मोर्चा के कार्यक्रम बूथ बैठक व संपर्क कार्यक्रम बनाएं।वहीं मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक युवा सम्मेलन महिला सम्मेलन ओबीसी सम्मेलन एससी वर्ग सम्मेलन अधिवक्ता सम्मेलन विधानसभा स्तर पर होगें। बैठक का संचालन महामंत्री महिपाल सिंह ने किया।

इस अवसर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रविंद्र पांडे सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा भानु प्रताप ललित चतुर्वेदी अनिल चौधरी सत्यम योगी सुमित शर्मा ज्ञानेंद्र शर्मा मनीष पाराशर श्याम शर्मा मेरुकांत पांडे सतपाल चौधरी विवेक चौधरी संजय लवानिया अजय परखम आदि मौजूद थे।

पति ने पत्नी को गोली मारी

मथुरा। हाईवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत एटीवी के पीछे आरकेपुरम में शुक्रवार एक पति ने पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया जिसे उपचार के लिए महोली रोड के एक प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। आरके पुरम में रहने वाले अमर सिंह ने आज दोपहर अपनी 65 वर्षीय पत्नी को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। इस बीच आरोपी पति मौके से भागने में सफल रहा। घायलावस्था में पड़ोसियों द्वारा महिला को डीएस हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है।

पुलिस मुठभेड़ में तीन गौतस्कर गिरफ्तार

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। गौतस्करों की सूचना पर चरण पहाड़ी पहुंची पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई जिसमें पुलिस द्वारा चलाई गई गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए बरसाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में तमंचे, कारतूस, कार के अलावा दो जिंदा गौवंश बरामद हुए हैं।

एसपी देहात त्रिगुण विशेन ने बताया कि देर रात बरसाना पुलिस को गौतस्करों के सेंटो कार से चरण पहाड़ी क्षेत्र में आने की सूचना मिली जिस पर पहुंची पुलिस को देखते ही सेंटो सवार बदमाश कार से उतरकर गोलियां चलाते हुए भागने का प्रयास करने लगे जिसके जवाब में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से हनीफ, इरशाद और जाहिर घायल हो गए। यह सभी हरियाणा के नूंह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और इन पर आधा दर्जन से अधिक गौतस्करी के मामले आसपास के थानों में दर्ज हैं।

मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे पर्व मनाया

▶▶ उस समय प्रभु यीशु मसीह ने कैसा महसूस किया गया होगा जब उनको क्रूस पर लटकाया गया था, उनकी संवेदनाओं को व्यक्त किया गया

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे का पर्व मनाया गया। यीशु मसीह परमेश्वर के पुत्र थे। आज के दिन ही उन्हें क्रॉस पर लटकाया गया था। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में पास्टर रेव्ह. श्रीपाल के द्वारा गुड फ्राइडे का संदेश दिया गया। लोगों को बताया गया कि उस समय प्रभु यीशु मसीह ने कैसा महसूस किया गया होगा जब उनको क्रूस पर लटकाया गया था, उनकी संवेदनाओं को व्यक्त किया गया।

प्रभु यीशु मसीह ने जब उनको सलीब पर लटकाया गया था तो उन्होंने सलीब पर से सात वाणियां बोली थी। उन सात वाणियों पर विभिन्न प्रचारकों ने अपने विचार रखे। पहली वाणी-हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या

करते हैं पर सुदीप मैसी ने, दूसरी वाणी- आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा पर पीपी चंद ने, तीसरी वाणी-हे नारी देख यह तेरा पुत्र है पर अरूणा फ्लिंट ने, चौथी वाणी हे मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया पर राज मसीह ने, पांचवी वाणी-मैं प्यासा हूं पर हिमांशु सिंह ने, छठी वाणी-पूरा हुआ पर आभा दयाल ने और अंतिम सातवीं वाणी-हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथ में सौंपता हूं पर पास्टर रेव्ह श्रीपाल ने प्रवचन दिए।

रीमा मैसी ने प्रार्थना में अगुवाई करी तथा रेजी विलियम व रजनी ने विशेष भजन प्रस्तुत किए। सी एन आई चर्च के पास्टर कृपाल सिंह ने और सेक्रेड हार्ट चर्च में फादर एलियास कोरिया ने इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया और प्रभु के नाम अपने संदेश में कहा कि क्रूस का बलिदान हमको सिखाता है कि हम परमेश्वर पर विश्वास करें। सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश मुख्य महासचिव मनीष दयाल ने कहा गुड फ्रायडे का दिन यीशु मसीह के विरोध और यातनाओं को याद करने और उनके वचनों पर अमल करने का है। प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष एन नेथन, माइकल सोलोमन, शोभा चंद, विकास, ऊषा मसीह, आशा अल्बर्ट, आशु फ्लिंट, ए मौरिस, जौली, बी लाल, विराट, अभिषेक, अमन, इंदू, प्रिंसआदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।